गांव की साफ सफाई कैसे हो

युवा का के सहयोग से सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा सिस्टर जेनेट जी की निगरानी में कार्यकर्ता नीलेश के द्वारा समाज सेवा का कार्य किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत

सर्व सहमति से हिंदुस्तानी बाल संसद का गठन किया गया जिसमें कुल 20 सदस्य है । हम लोग ग्राम बहरुआ के रहने वाले हैं। हमारे यहां से बाल संसद समारोह पोलीगंज में हम 7 सदस्य गए थे। जहां पर हम लोगों को नेतृत्व विकास व व्यक्तित्व विकास पर प्रशिक्षण मिला और अलग-अलग जगह से आए हुए बाल संसद के सदस्यों के द्वारा अपने अपने अनुभव भी हम लोगों को मिले जिसे सुनने के बाद हम लोगों को लगा क्यों ना हम लोग अपने गांव के लिए कुछ करें। और हम लोगों

ने सभी साथियों के साथ मिलकर नीलेश सर के सहयोग से गांव की समस्याओं को ढूंढा जिसमें सबसे पहले हम लोगों ने आंगनवाड़ी केंद्र के पास चौराहे पर गंदगी के सफाई के बारे में सोचा और हम लोगों ने उस विषय पर एक एप्लीकेशन बनाई और सब लोगों ने मिलकर वह एप्लीकेशन ग्राम प्रधान ममता देवी को सौपी और उन्होंने हम लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सफाई कर्मचारी के द्वारा बा गांव के लोगों के सहयोग से इस समस्या का समाधान किया जाएगा हम लोगों ने अपना काम तो कर दिया है बस यह देखना है कि आगे का परिणाम क्या मिलता है धन्यवाद

हिंदुस्तानी

बाल संसद बहरुआ

Edit with WPS Office